संचालनालय चिकित्सा शिक्षा

पुराना नर्सिंग हॉस्टल, डी.के.एस., भवन परिसर, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/7905-06/संचिशि/छात्र/2013 रायपुर, दिनांक 16.07.2013

NEET-UG 2013 के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के लिये राज्य कोटे के मेडिकल/ डेंटल स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग के प्रथम चरण के संबंध में आवश्यक सूचना

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा, नई दिल्ली द्वारा आयोजित प्री मेडिकल/ प्री डेंटल प्रवेश परीक्षा 2013 के घोषित परिणामों के आधार पर प्रदेश के शासकीय चिकित्सा/ दंत चिकित्सा महाविद्यालयों के समस्त सीटों एवं निजी चिकित्सा/ दंत चिकित्सा महाविद्यालयों के शासकीय नियतांश की सीटों में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवार (मेरिट सूची के समस्त उम्मीदवार) तालिका में दिये गये कार्यक्रमानुसार ऑनलाईन काउंसिलिंग में इंटरनेट के माध्यम से अपने घर/ गाँव/ शहर से अथवा एम.पी. ऑनलाईन के छत्तीसगढ़ स्थित किसी भी सुविधा केन्द्र **(KIOSK)** से वेबसाईट **www.mpponline.gov.in** और विभागीय वेब साईट **www.cgdme.in** के माध्यम से सम्मिलित हो सकते हैं। संचालनालय द्वारा अधिकृत मेसर्स **mponline** के सुविधा केन्द्रों **(KIOSK)** की सूची वेबसाईट **www.cgdme.in** और **www.mponline.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी।

प्रथम चरण समय सारणी

क्र.	विवरण	समय सारणी
1	अभ्यर्थी द्वारा ऑन लाईन पंजीयन एवं संस्था तथा पाठ्यक्रमों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण	दिनांक 19.07.13 से दिनांक 24.07.13 से रात्रि 12.00 बजे तक
2	अनंतिम (Provisional) आबंटन सूची का वेब साइट पर प्रकाशन	दिनांक 26.07.13 दोपहर 2 बजे
3	दावा आपत्ति एवं निराकरण	दिनांक 26.07.13 अपरान्ह 3 बजे से 27.07.13 सायं 5 बजे तक संचालनालय चिकित्सा शिक्षा में साक्ष्य प्रस्तुत होने पर
4	अंतिम आबंटन सूची का प्रकाशन	दिनांक 28.07.13 दोपहर 2 बजे
5	ऑन लाईन आबंटन पत्र की प्रिंटिंग	दिनांक 28.07.13 से दिनांक 02.08.13 सायं 4 बजे तक
6	अधिकृत संस्था में अभिलेखों का सत्यापन एवं आबंटित संस्थाओं में रिपोर्टिंग व प्रवेश	दिनांक 29.07.13 दोपहर 2 बजे से दिनांक 02.08.13 तक सायं 5.00 बजे

अपग्रेड चरण

क्र.	विवरण	दिनांक व समय
1	अपग्रेड चरण	दिनांक 4 अगस्त
2	अपग्रेड चरण की अनंतिम (Provisional) सूची वेब साइट पर प्रदर्शित	दिनांक 6 अगस्त सुबह 11 बजे तक
3	दावा आपत्ति व निराकरण	दिनांक 7 अगस्त से 8 अगस्त शाम 5.00 बजे तक
4	अंतिम आबंटन सूची का प्रकाशन	दिनांक 9 अगस्त अपरान्ह 2 बजे
4	सीट आबंटन पत्र का ऑनलाईन प्रिंट आउट व डाउनलोड	दिनांक 9 अगस्त से 13 अगस्त सायं 4.00 बजे तक
5	महाविद्यालय में उपस्थिति एवं प्रवेश	दिनांक 9 अगस्त से दिनांक 13 अगस्त सायं 5.00 बजे तक

द्वितीय चरण के काउंसिलिंग की सूचना एवं प्रथम चरण उपरांत रिक्त सीटों के संबंध में जानकारी संचालनालय द्वारा पृथक से प्रकाशित की जायेगी।

1. अभ्यर्थियों को यह निर्देशित किया जाता है कि वे प्रवेश नियम का विस्तृत अध्ययन करने के पश्चात ही अपनी पात्रता अनुसार पंजीयन करायेंगे। कृपया ध्यान देंगे कि मात्र छत्तीसगढ़ के मूल निवासी ही प्रवेश हेतु पात्र होंगे।
2. सीटों की महाविद्यालय वार (श्रेणी वार व संवर्ग वार) विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट **www.cgdme.in** एवं **www.mponline.gov.in** पर दिनांक 18.07.2013 अपरान्ह 3.00 बजे से उपलब्ध होगी।
3. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2013 (NEET-UG 2013) में सफल घोषित सभी पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन (पंजीयन) कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन कराने वाले अभ्यर्थियों को ही सीट आबंटन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा। पंजीयन करवाने जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। उक्त परीक्षा में सफल होने के उपरांत यदि किसी अभ्यर्थी ने ऑनलाईन पंजीयन नहीं कराया है तो यह माना जायेगा कि वे सीट आबंटन के इच्छुक नहीं हैं।
4. अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को ऑन लाईन काउंसिलिंग हेतु पंजीयन शुल्क रुपये 1000/- देना होगा। अनुसूचित जाति और जनजाति के अभ्यर्थियों को पंजीयन शुल्क रुपये 500/- देय होगा।
5. पंजीयन शुल्क अधिकृत क्योस्क में नगद भुगतान किया जा सकता है अथवा ऑन लाईन पेमेंट द्वारा पंजीयन शुल्क का भुगतान किया जा सकता है।
6. प्रवेश नियम और ऑन लाईन काउंसिलिंग की विस्तृत जानकारी विभागीय वेब साइट **www.cgdme.in** पर उपलब्ध है।
7. सभी अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि वे किसी भी अन्य स्त्रोतों से संस्थाओं में प्रवेश हेतु किसी अनाधिकृत व्यक्ति के बहकावे में न आवें तथा अपने मूल दस्तावेज/ फोटो प्रति/ शुल्क आदि किसी अनाधिकृत व्यक्ति/ संस्था को न देवें।

संचालक चिकित्सा शिक्षा
छत्तीसगढ़